दिल्ली पुलिस समाचार

अंक-116 मई-जून, 2017 पंजी० सं० आर-43037/85 दिल्ली पुलिस की घरेलू पत्रिका



साइकिल पेट्रोलिंग

पुलिस व जनता को और निकट लायेगी

आधुनिक तकनीक से अपडेट रहते हुए उत्कृष्ट जांच, महिला सुरक्षा और आतंकवाद के साथ-साथ लापता बच्चो और मानव तस्करी पर भी अपनी पैनी नजर रखें।

-श्री अमूल्य पटनायक, पुलिस आयुक्त

देश के श्रेष्ठ पुलिस बलों में से एक दिल्ली पुलिस की पेशेवर निपुणता की एक विशिष्ट पहचान है। अपनी इस प्रतिष्ठा और गौरव को निरंतर बढ़ाना केवल एक अधिकारी या कर्मी का दायित्व नहीं हैं बल्कि यह हमारा सामूहिक उद्देश्य होना चाहिए। इसलिए मैं चाहूंगा कि प्रत्येक पुलिस अधिकारी एवं कर्मी अपने दायित्व को पूरी जिम्मेवारी, ईमानदारी और समर्पित भाव से निभाते हुए दिल्ली के नागरिकों को बेहतरीन सेवा प्रदान करें। मेरा मानना है कि दिल्ली पुलिस की सफलता और लोकप्रियता का मूलमंत्र अपने कर्तव्यों के प्रति गहन निष्ठा है जो नागरिकों के अटूट विश्वास के रूप में परिलक्षित होता है।

पहले की अपेक्षा अब पुलिस का काम काफी विस्तृत हो गया है। दिल्ली पुलिस ने स्वयं अपने दायित्वों को विस्तार दिया है ताकि पुलिस जनमानस के और निकट आ सके और जनमानस भी पुलिस की कार्यशैली और उनकी समस्याओं को समझ सके। पूर्व में पुलिस का काम अपराधों को रोकना और अपराधियों को पकड़ने तक ही सीमित था, परन्तु अब पुलिस समाज में जागरूकता फैलाने जैसे काम को भी बड़ी शिद्दत से कर रही है। चाहे वह युवा पीढ़ी को आपराधिक प्रवृत्ति से विमुख करना हो, साधन विहीन युवाओं को सकारात्मक उर्जा से संचालित करना हो उन्हें रोजगार के लिए प्रेरित करना हो, मादक पदार्थो के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना हो, यानि पुलिस अब प्रयास करती है कि अपराध के उद्गम को ही जड़ से समाप्त किया जाए। पुलिस युवाओं की मनोवृत्ति को सकारात्मक दिशा प्रदान करने के लिए कौशल विकास, नशा उन्मूलन, युवा, योग जैसे कार्यक्रम आयोजित करती रही है। इसके अलावा पुलिस ने अपने परंपरागत दायित्वों से कहीं आगे बढ़कर महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी कई योजनाओं को क्रियान्वित किया है और लाखों छात्राओं/महिलाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर उनमें आत्मविश्वास जागृत करने का प्रशंसनीय काम किया है। समय-समय पर गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। उसी का सार्थक परिणाम हमारे सामने हैं कि आज की महिला स्वयं के साथ हुए किसी भी प्रकार के अन्याय के खिलाफ निःसंकोच अपना विरोध प्रकट करती है और पुलिस में शिकायत दर्ज न कराने की पुरानी सोच को तोड़ रही हैं। वहीं दूसरी तरफ वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस न केवल उन्हें अपने कार्यक्रमों में शामिल कर रही है बल्कि पुलिस स्वयं उनके कार्यक्रमों में शामिल हो रही है। समय-समय पर उन्हें विज्ञापनों के माध्यम से भी सजग किया जाता है।

एक ओर तो दिल्ली पुलिस में भ्रष्टाचार और ड्यूटी के प्रति उदासीनता को किसी भी प्रकार से बर्दास्त नहीं किया जाएगा, वहीं दूसरी तरफ आपकी उत्कृष्ट सेवाओं और श्रेष्ठ कार्यो को भी व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा। आपके अच्छे कार्यो के लिए आपको सम्मानित एवं प्रोत्साहित करने को भी पूरी प्राथमिकता दी जाएगी। आजकल आधुनिक तकनीक के उपयोग से अपराध के तरीकों और अपराधियों की सोच में भी काफी बदलाव आया है। हमें उनसे कहीं आगे सोचते हुए उनके मंसूबों को कामयाब नहीं होने देना है और मामलों की जांच पद्धति में आधुनिक तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग करते हुए मजबूत तरीके से माननीय अदालत के समक्ष प्रस्तुत करना है। इसके अलावा साइबर अपराध भी काफी तेजी से बढ़ रहे हैं, जिनसे निपटने के लिए साबइर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल करते रहना चाहिए। पिछले दिनों मैने लगभग 600 बीट कांस्टेबलों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनसे पुलिस कार्यवाही की जमीनी हकीकत को जानने का प्रयास किया। मुझे काफी अच्छा लगा कि पुलिस की नींव कहे जाने वाले हमारे बीट कांस्टेबल काम के दबाव के बावजूद अपने ड्यूटी को पूरी निष्ठा व समर्पित भाव से निभा रहे हैं। इसके साथ ही मैं सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों से कहना चाहूंगा कि दिल्ली में लापता बच्चों, मानव तस्करी और संगठित भिक्षावृति जैसे मामलों में कठोर कार्यवाही करें। दिल्ली के नागरिकों को पुलिस की सेवाएँ प्रभावशाली ढंग से मुहैया कराने के उद्देश्य से दिल्ली पुलिस ने बहुत सी योजनाएँ और एप्स शुरू किये हैं। मैं चाहूंगा कि जनहित में शुरू की गई सभी योजनाओं और एप्स पर संबंधित उच्च अधिकारी अपनी पैनी नज़र रखें और इन सुविधाओं को बनाए रखें और अधिक से अधिक user friendly बनायें। ऐसा देखने में आया है कि हमारे कुछ किशोर व युवा आर्थिक स्थिति या पारिवारिक कारणों से गलत संगत में पड़कर आपराधिक वारदातों में संलिप्त हो रहे हैं, जिससे परिवार, समाज व देश को काफी नुकसान पहुंचता है।



21 जून को विश्व योग दिवस पर जब सारा विश्व योगमय हुआ तो हमारी दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिलों/ईकाइयों में भी योग क्रियाएँ की गई। योग इंसान को न केवल शारीरिक व मानसिक तौर पर मजबूत बनाता है बल्कि हमारी दिनचर्या को भी अनुशासित करता है। मैं आप सबका आह्वान करना चाहूंगा कि आप सब योग को केवल औपचारिक तौर पर न ले बल्कि उसे इस तरह आत्मसात् करें कि वह आपकी दिनचर्या का एक मजबूत हिस्सा बन जाए। योग के माध्यम से न केवल आप स्वयं भी मानसिक व शारीरिक तौर पर तंदुरूस्त रहेंगे अपितु नागरिकों की सेवा स्वस्थ तन व मन से करके अपने दायित्व का भी भली-भांति निर्वाह कर सकेंगे।

मेरा यह मानना है कि यदि कोई भी पुलिसकर्मी अपने कार्यस्थल पर अपने परिजनों/बच्चों के भविष्य के लिए चिंतित है तो निसंदेह वह अपने कर्तव्य के प्रति उचित सांमजस्य नहीं बैठा पाएगा। इसीलिए दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति, दिल्ली पुलिस परिवारों के प्रतिभावान बच्चों के लिए भिन्न-भिन्न प्रकार के मंच तैयार कर रही है, चाहे वह रोजगार के लिए हो, चाहे खेल के मैदान में उनकी प्रतिभा को पहचान कर निखारना हो या फिर किसी और विशेष प्रतिभा से संबद्ध हो। पिछले काफी समय से दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की पदाधिकारीगण सभी पुलिस कॉलोनियों में कार्यक्रम आयोजित कर उनके परिवारों से मिल कर उनकी यथासंभव मदद करने का प्रयास कर रहीं है। इसके साथ ही मैं, यह भी कहना चाहूँगा कि प्रशंसनीय और अनुकरणीय काम करने वाले पुलिसकर्मियों को बारी से पहले तरक्की देने, असाधारण कार्य पुरस्कार से सम्मानित करने, नगद राशि से पुरस्कृत करने और प्रशंसा पत्र देने में किसी प्रकार की उदासीनता नहीं बरती जाएगी। आपके उत्कृष्ट और श्रेष्ठ कार्यो को सर्वथा उचित सम्मान दिया जाएगा।

जयहिन्द!

साइकिल पेट्रोलिंग योजना पुलिस और जनता को और निकट लाएगी



मंच पर आसीन मुख्य अतिथि श्री हंसराज अहीर, सांसद श्री मनोज तिवारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारी

30 मई, 2017 को **केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री हंसराज अहीर** ने यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित एक कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस की साइकिल पेट्रोलिंग योजना को हरी झंडी दिखा कर शुभारंभ किया। इस मौके पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री मनोज तिवारी, विधायक श्री ओपी शर्मा, विशेष पुलिस आयुक्त (कानून–व्यवस्था उत्तरी) श्री एस.बी.के.सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त (पूर्वी परिक्षेत्र) श्री रवीन्द्र यादव, उपायुक्त पुलिस (शाहदरा जिला) श्रीमती नूपुर प्रसाद, उपायुक्त पुलिस (उत्तर–पूर्वी जिला) डॉ0 ए.के. सिंगला, उपायुक्त पुलिस (पूर्वी जिला) श्री ओमबीर सिंह बिश्नोई समेत भारी संख्या में दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, जवान और तीनों जिलों के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।



साइकिल पेट्रोलिंग योजना को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री, पुलिस आयुक्त एवं अन्य आमंत्रित गणमान्य सदस्य

समारोह के मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय गृह राज्यमत्री श्री हंसराज गंगाराम अहीर ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हैदराबाद में आयोजित एक बैठक में इच्छा जताई थी कि पुलिसकर्मी परंपरागत तरीके से जनता की सुरक्षा के उपाय करें। दिल्ली पुलिस साइकिल पेट्रोलिंग व्यवस्था पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि साइकिल द्वारा परंपरागत तरीके से गश्त करना जनता से बेहतर संवाद स्थापित करने के साथ–साथ स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की दृष्टि से भी काफी अनुकूल होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली में मादक पदार्थो पर गंभीरता से अंकुश लगाया जाए और दिल्ली की जनता दिल्ली पुलिस से यही उम्मीद रखती है कि वह दिल्ली से नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने में सक्षम है।

इस मौके पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने कहा कि कई बार पुलिस की गाड़ियों के सायरन की आवाज सुनकर बदमाशों के भागने, बाइक द्वारा संकरी गलियों और पार्कों में गश्त करने तथा स्थानीय नागरिकों के साथ बातचीत करने में होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए साइकिल गश्त का सहारा लिया गया है। उन्होंने कहा कि साइकिल गश्त से बेहतर पुलिसिंग होने, बीट कांस्टेबल द्वारा बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाके में गश्त करने, इत्मीनान से नागरिकों की समस्याएँ सुनने, ऐसे स्थानों पर पहुंचने जहाँ पीसीआर की गाड़िया या बाइक आदि नहीं जा सकती वहाँ सुगमता से पहुंचने में सुविधा होगी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री मनोज तिवारी ने दिल्ली पुलिस की साइकिल पेट्रलिंग व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि मैं चाहूंगा कि दिल्ली पुलिस ऐसे अंधेरे वाले स्थान यानि ब्लैक स्पॉट की पहचान करें जहॉ महिलाओं की सुरक्षा के लिए खतरा हो सकता है तथा दिल्ली नगर निगम दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर उन ब्लैक स्पॉट को खत्म करने का प्रयास करेगी। इस मौके पर उन्होंने पुलिसकर्मियों की कमी पर अपनी चिंता जताते हुए केन्द्र सरकार से पुलिस बल की संख्या बढ़ाने की मांग भी की। विशेष पुलिस आयुक्त श्री दीपेन्द्र पाठक ने कहा कि यह एक अच्छी शुरूआत है और आने वाले दिनों में इसके बढ़िया परिणाम देखने को मिलेंगे। वर्तमान में दिल्ली पुलिस ने 70 साइकिलें खरीदी हैं जिनमें से आबादी घनत्व को देखते हुए 65 साइकिलें यमुनापार के तीनों जिलों को आवंटित की गई। जिसमें उत्तर–पूर्वी जिले को 30, पूर्वी जिले 20 और शाहदरा जिले को 15 साइकिलें दी गई हैं। दिल्ली पुलिस आयुक्त की पहल पर संकरी गलियों और इलाकों में गश्त के लिए पुलिसकर्मियों को साइकिल देने की मुहिम को साइकिल पेट्रोलिंग के नतीजों का आंकलन करने के बाद इसे और मजबूत तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा।



साइकिल पेट्रोलिंग योजना शुरू करने के बाद मीडिया को विस्तृत जानकारी देते हुए मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण



साइकिल पेट्रोलिंग योजना में शामिल पुलिसकर्मियों का एक दस्ता

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिला/ईकाईयों में भी योग कार्यक्रम आयोजित हुए







योग दिवस पर पुलिस आयुक्त एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी रामलीला मैदान में योग करते हुए।



27 सितंबर, 2014 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने संयुक्त राष्ट्र संघ की आम सभा में 21 जून का दिन **'विश्व योग दिवस'** के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा था। संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से 177 देशों ने भारत के इस प्रस्ताव का समर्थन किया। बताया गया है कि पहली बार किसी प्रस्ताव पर इतनी बड़ी संख्या में सह–प्रस्तावक बनें हैं। 11 दिसंबर, 2014 को मात्र 90 दिनों के अंदर इस प्रस्ताव को पारित करके उसका क्रियान्वयन शुरू किया गया। उत्तरी गोलार्द्ध में 21 जून को सबसे लंबा दिन माने जाने के साथ–साथ इस दिन को दुनिया में आध्यात्मिक दृष्टि से भी खास माना जाता है। मस्तिष्क व शरीर को एकसूत्र में पिरोने तथा आतंरिक चेतना जागृत करने वाला योग भारतीय संस्कृति और परंपरा का हजारों वर्ष से अटूट हिस्सा रहा है। योग बिना कुछ खर्च किये शरीर को उर्जा देने स्वस्थ रखने व मन को शांत रखने की एक क्रिया है। 21 जून, 2017 को तीसरे अतंरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस के मौके पर दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिलों/इकाईयों में भी पूरे जोश के साथ योग दिवस मनाया गया। रामलीला मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने भी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के साथ योगाभ्यास किया। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों में श्री एस.बी.के.सिंह, श्री दीपेन्द्र पाठक, श्री बालाजी श्रीवास्तव, श्री आर.पी.उपाध्याय, श्री प्रवीर रंजन, श्री एम.एम.ओबराय, श्री अतुल कटियार, श्री मधुर वर्मा, श्री राजेश देव, श्री रजनीश गुप्ता एवं योग प्रशिक्षक इंस्पेक्टर सतबीर सिंह प्रमुख थे।



योग कार्यक्रम में भाग लेने वाले वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का सामूहिक चित्र

आतंकी मंसूबों को नाकाम करने के लिए दिल्ली के 10 चूनिंदा स्थानों पर कमांडो और एके–47 से लैस 'पराक्रम पीसीआर वैन' तैनात की गई

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 26 मई, 2017 को पुलिस मुख्यालय से 10 **'पराक्रम पीसीआर वैन'** को हरी झंडी दिखाकर दिल्ली के 10 महत्वपूर्ण स्थानों के लिए रवाना किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त (कानून–व्यवस्था दक्षिणी परिक्षेत्र) श्री पी.कामराज, विशेष पुलिस आयुक्त (परिचालन एवं प्रमुख पुलिस प्रवक्ता) श्री दीपेन्द्र पाठक, अतिरिक्त आयुक्त पुलिस (पीसीआर), श्री ओ.पी.मिश्रा, उपायुक्त पुलिस (पीसीआर) श्रीमती मोनिका भारद्वाज, अति उपायुक्त पुलिस (पीसीआर) श्री आर.के बंसल** समेत काफी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं पराक्रम वैन के लिए प्रशिक्षित 100 कमांडो जिनमें 10 महिला कमांडो भी शामिल हैं, उपस्थित थे।



पराक्रम पीसीआर वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए पुलिस आयुक्त

दिल्ली में किसी भी आपात स्थिति के उत्पन्न होने पर सर्वप्रथम नागरिकों की मदद के लिए वर्षभर सातों दिन और चौबीसों घंटों सबसे पहले मौके पर पहुंचने वाली पीसीआर वैन को आवश्यक अपग्रेड किया है। दिल्ली की लाइफलाइन कहे जाने वाली पीसीआर वैन की 10 जीपीआरएस से लैस इन गाड़ियों में एनएसजी से प्रशिक्षित कमांडो एके–47 के साथ तैनात रहेंगे जबकि वैन प्रभारी ग्लॉक पिस्टल से लैस होगा।



आधुनिक हथियारों से सुसज्जित पराक्रम पीसीआर वैन पर तैनात कमांडो

फिलहाल 10 चिन्हित संवेदनशील एवं ऐतिहासिक स्थानों पर जहाँ पराक्रम वैन तैनात की गई हैं उनमें विजय चौक, पालिका बाजार, आईपी मार्ग, साकेत सिटी मॉल, वसंत कुंज मॉल, पैसिफिक मॉल सुभाष नगर, नेताजी सुभाष प्लेस अक्षरधाम मन्दिर, लोटस टेंपल तथा झंडेवालान आदि प्रमुख स्थान हैं। भविष्य में इस योजना का विस्तार करते हुए 'पराक्रम पीसीआर वैन'' की संख्या को बढ़ाया जाएगा और उन्हें प्रमुख बाजारों, शापिंग मॉल्स, भीड़–भाड़ वाले स्थानों और ऐतिहासिक स्थलों/भवनों पर तैनात किया जाएगा। दिल्ली के प्रमुख स्थानों पर पराक्रम पीसीआर वैन तैनात होने से न केवल नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी बल्कि आतंकवादी एवं असामाजिक तत्वों से भी दिल्ली की रक्षा होगी।

प्रहरियों की मदद से नागरिकों को अधिक सुरक्षात्मक माहौल दे सकेगी पुलिस – पुलिस आयुक्त




एक सुरक्षा प्रहरी को सुरक्षा किट प्रदान करते हुए पुलिस आयुक्त

17 मई, 2017 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने रोहिणी जिला इलाके में स्थित महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी के सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रहरी योजना को लांच किया। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात) श्री अजय कश्यप, विशेष पुलिस आयुक्त (कानून–व्यवस्था उत्तरी परिक्षेत्र), श्री एस.बी.के.सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त (उत्तरी परिक्षेत्र), श्री राजेश खुराना, उपायुक्त पुलिस (उत्तर–पश्चिमी जिला), श्री मिलिंद डुंबेरे, उपायुक्त पुलिस (रोहिणी जिला), श्री ऋषिपाल और बड़ी संख्या में उत्तर–पश्चिमी जिला व रोहिणी जिला के पुलिस अधिकारीगण, जवान और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। समारोह के दौरान पुलिस अधिकारियों, कर्मियों और प्रहरी योजना में शामिल प्राइवेट सुरक्षा गार्डो और चौकीदारों को सम्बोधित करते हुए पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि प्रहरी योजना में शामिल प्रहरियों की मदद से दोनों जिलों के नागरिकों को पुलिस और अधिक मजबूत व सुरक्षात्मक माहौल देने में कामयाब होगी। उन्होंने कहा कि दोनों जिलों के क्षेत्रफल और पुलिस बल की संख्या को देखते हुए स्पष्ट है कि हर जगह पुलिस का रहना मुश्किल हैं। परन्तु पुलिस और प्रहरियों के संयुक्त प्रयास से अपराधों पर अकुंश लगाने, असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और उनके द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर अपराधों को सुलझाने में काफी मदद मिल सकती है।

अपराध शाखा के नए थाने और डॉग कैनल्स की नई बिल्डिंग का उद्घाटन
35 नए श्वान शामिल होने से अपराध शाखा का श्वान दस्ता मजबूत हुआ



कार्यक्रम के दौरान मंच पर आसीन पुलिस आयुक्त एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारी



श्वान दस्ते का निरीक्षण करते हुए पुलिस आयुक्त

13 जून, 2017 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने सैक्टर–3 पुष्प विहार, एम.बी. रोड पर अपराध शाखा के नए थाने और डॉग केनल्स की नई बिल्डिंग का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विशेष पुलिस आयुक्त, श्री टी.एन. मोहन, श्री पी.कामराज तथा श्री एस.बी.के सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री ए.के. सिंह व श्री प्रवीर रंजन, उपायुक्त पुलिस श्री राजन भगत, तथा उपायुक्त पुलिस श्री भीष्म सिंह समेत क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे। इस मौके पर बोलते हुए पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि अपराध शाखा को बेहतरीन कार्य करने की अपनी शैली को बनाए रखने के लिए कई सुविधाओं से युक्त नई इमारत मिल गई है और 35 नए श्वान शामिल होने से उनकी कार्यक्षमता भी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि अपराधियों का सुराग लगाने, संदिग्ध वस्तुओं का पता लगाने, विस्फोटकों का पता लगाने, मादक द्रव्य पदार्थों का पता लगाने, आपराधिक मामलों को सुलझाने और इमारत आदि गिरने जैसा कोई बड़ा हादसा होने पर मलबे में दबे लोगों का पता लगाने में ये खोजी श्वान काफी मददगार साबित होते हैं। वर्ष 1967 में अपराध शाखा के तहत श्वान दस्ता अस्तित्व में आया था और वर्तमान में दिल्ली पुलिस के इस दस्ते में श्वानों की संख्या बढ़कर 70 हो गई है। दिल्ली पुलिस द्वारा पप्स खरीद कर उन्हें अन्य अर्धसैनिक बलों के प्रशिक्षण केन्द्रों से प्रशिक्षित कराया जाता है और उनकी डाइट पर विशेष ध्यान दिया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान उनके हैंडलर्स को भी उन छोटे पप्स के साथ रखा जाता है ताकि इस अवधि में उनसे घुल–मिल जाए।

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने आधुनिक सुविधाओं से संपन्न थाना न्यू अशोक नगर की नई बिल्डिंग और स्टाफ क्वार्टर का उद्घाटन किया





न्यू अशोक नगर थाने की नई बिल्डिंग और स्टाफ क्वार्टर का उद्घाटन करते हुए पुलिस आयुक्त

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 18 मई, 2017 को पूर्वी जिला में थाना न्यू अशोक नगर की नई बिल्डिंग और स्टाफ क्वार्टरों का उद्घाटन किया। आधुनिक सुविधाओं से सम्पन्न इस बिल्डिंग के उद्घाटन के अवसर पर विशेष पुलिस आयुक्त, श्री पी.कामराज, विशेष पुलिस आयुक्त, श्री एस.बी.के.सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त, श्री रवीन्द्र यादव, संयुक्त पुलिस आयुक्त, श्री ए.के.सिंह, उपायुक्त पुलिस (पूर्वी जिला), श्री ओमबीर सिंह बिश्नोई, उपायुक्त पुलिस (उत्तर–पूर्वी जिला), डॉ. ए.के.सिंगला सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व दोनों जिला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तथा जवान उपस्थित थे। इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को सम्बोधित करते हुए पुलिस आयुक्त महोदय ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए कहा कि लगभग 22 वर्ष पूर्व जब मैं इस इलाके में बतौर उपायुक्त पुलिस तैनात था तो न्यू अशोक नगर एक पुलिस चौकी हुआ करती और आज यह इलाका काफी विकसित हो गया है। अब न्यू अशोक नगर सीमापार व नौएडा में होने वाली आपराधिक गतिविधियों एवं आबादी घनत्व को देखते हुए इस इलाके में बेहतरीन पुलिसिंग की आवश्यकता है, जिससे कि इस क्षेत्र के लोग खुद को सुरक्षित महसूस करें।

सेवानिवृत्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सम्मान में रात्रि भोज

3 मई, 2017 को 17 मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग पर स्थित राजपत्रित अधिकारी मैस में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के सम्मान में भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुलिस आयुक्त, श्री अमूल्य पटनायक, दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की अध्यक्षा, श्रीमती सूचना पटनायक, सेवानिवृत्त विशेष पुलिस आयुक्त, श्री किशन कुमार, सेवानिवृत्त संयुक्त पुलिस आयुक्त, श्री एस.दास, सेवानिवृत्त संयुक्त पुलिस आयुक्त, श्री वी. रंगनाथन, सेवानिवृत्त संयुक्त पुलिस आयुक्त, श्री ऐ.के.ओझा, सेवानिवृत्त अति. आयुक्त पुलिस, श्री अजय कुमार एवं सेवानिवृत्त अति. आयुक्त पुलिस, श्री पी.सी. होता उपस्थित थे। रात्रि भोज के उपरांत पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने सेवानिवृत्त वरिष्ठ पुलिस अधिकरियों को स्मृतिचिन्ह् तथा श्रीमती सूचना पटनायक ने उनकी धर्मपत्नियों को गुलदस्ता भेंट किया।



सेवानिवृत्त विशेष पुलिस आयुक्त श्री किशन कुमार एवं श्रीमती संतोष कुमार को सम्मानित करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक एवं श्रीमती सूचना पटनायक



सेवानिवृत्त संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री एस.दास को सम्मानित करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक



सेवानिवृत्त संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री वी.रंगनाथन एवं श्रीमती प्रिया रंगनाथन को सम्मानित करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक एवं श्रीमती सूचना पटनायक



सेवानिवृत्त संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री ऐ.के. ओझा को सम्मानित करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक



सेवानिवृत्त अति. आयुक्त पुलिस श्री अजय कुमार एवं श्रीमती कुमार को सम्मानित करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक एवं श्रीमती सूचना पटनायक



सेवानिवृत्त अति. आयुक्त पुलिस, श्री पी.सी होता एवं श्रीमती होता को सम्मानित करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक एवं श्रीमती सूचना पटनायक

फोटो : रोज़र जोसफ

जनकपुरी में पुलिस चौकी और स्टाफ क्वार्टरों का उद्घाटन

16 जून, 2017 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने जनकपुरी स्थित सी–ब्लाक में पुलिस चौकी और स्टाफ क्वार्टरों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज, श्री टी.एन.मोहन, श्री आर.एस.कृष्णैया तथा संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री अशोक कुमार सिंह, श्री सतीश गोलचा, व उपायुक्त पुलिस पश्चिमी जिला श्री विजय कुमार** सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस मौके पर उपस्थिति अधिकारियों एवं कर्मियों को सम्बोधित करते हुए पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों एवं महिलाओं की सुरक्षा के साथ–साथ इलाके में अमन–चैन बनाए रखने के लिए ईमानदारी के साथ यथासंभव प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस चौकी होने से क्षेत्र की सुरक्षा मजबूत होगी, स्थानीय नागरिकों को किसी भी परेशानी के समय दूर थाने में न जाकर निकट चौकी में ही उनकी समस्या का निवारण हो जाएगा।



जनकपुरी पुलिस चौकी और स्टाफ क्वार्टरों का उद्घाटन करते हुए पुलिस आयुक्त साथ वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण

दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति ने पुलिस परिवारों से उदयीमान खिलाड़ियों की प्रतिभा को शिखर तक पहुंचाने के सतत् प्रयास शुरू किये

दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति ने 11 जून, 2017 को किग्ज़वे कैम्प स्थित पुलिस मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में पुलिस परिवारों से जुड़े उदयीमान खिलाड़ियों की प्रतिभा की पहचान (टैलेंट हंट) कर उन्हें भविष्य में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए तैयार करने के लिए चयनित किया है। इस मौके पर समिति की समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों के अलावा श्री पी.कामराज, श्री एस.वासुदेव राव, श्री एस.बी.के.सिंह, अरविंद दीप, श्री बालाजी श्रीवास्तव, श्री संजय सिंह (सभी विशेष पुलिस आयुक्त) सहित भारी संख्या में अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, जवान एवं स्पोर्टस से जुड़े पुलिसकर्मी उपस्थित थे। प्रथम चरण में दिल्ली पुलिस की 155 पुलिस कॉलोनियों में रहने वाले 569 प्रतिभावान खिलाड़ियों में से 178 लड़के व लड़कियों का चयन किया गया है। समिति द्वारा आयोजित टैलेंट हंट कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि बच्चों की प्रतिभा पहचान कर उनको राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना सराहनीय कदम है। दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति इस प्रयास में जुटी हुई है कि विभिन्न प्रकार के खेलों के लिए चयनित हुए बच्चों को भारत सरकार के खेल मंत्रालय की मदद से



राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण दिया जाए ताकि उनमें चयनित प्रतिभावान बच्चे 2020 में आयोजित होने वाले ओलंपिक खेलों में भाग लेकर दिल्ली पुलिस व देश का नाम रोशन कर सकें। समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक ने कहा पुलिस परिवारों से जुड़े बच्चों को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने सपने पूरे कर सके। इस मौके पर समिति की उपाध्यक्षा डॉ. सुशी सिंह ने समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक की दूरदृष्टिता और मार्गदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि समिति द्वारा किये जा रहे कार्यक्रमों से पुलिस परिवारों की जीवन शैली में सकारात्मक बदलाव के साथ–साथ समाज व राष्ट्र का ताना–बाना भी मजबूत होगा। इस मौके पर विशेष प्रतिभाओं के धनी 20 से ज्यादा व्यक्तियों ने निःस्वार्थ अपनी सेवाएँ दिल्ली पुलिस को देने के लिए स्वीकृति दी हैं। इनमें से पदमश्री अवार्ड विजेता श्री यश गुलाटी, संगीत नाटक अकादमी की सुश्री रितु स्वामी चौधरी व द्रोणाचार्य अवार्ड विजेता श्री महावीर बिश्नोई विशेषतौर पर शामिल हैं।







विभिन्न खेल स्पर्धाओं में अपनी अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए पुलिसकर्मियों के बच्चे



समिति की वरिष्ठ पदाधिकारी एवं चयनित खिलाड़ी



शूटिंग स्पर्धा में भाग लेने वाली बालिकाओं से बातचीत करते हुए पुलिस आयुक्त

'मिशन ओलम्पिक' के तहत प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और प्रोत्साहन देने की एक नई सामाजिक पहल में जुटी-दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति

विश्व पटल पर खेल जगत में दिल्ली पुलिस का नाम रोशन करने के लिए प्रयासरत दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति ने 22 जून, 2017 को इंडिया गेट के पास नेशनल स्टेडियम मे 'नीले पंख' कार्यक्रम आयोजित किया। समिति ने मिशन ओलम्पिक के तहत 12 से 17 आयुवर्ग की 25 प्रतिभावान बालिकाओं का चयन कर उन्हें वजीफा कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षण और प्रोत्साहित करने का फैसला लिया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त, श्री अमूल्य पटनायक, समिति की अध्यक्षा, श्रीमती सूचना पटनायक, उपाध्यक्ष डॉ0 सुशी सिंह तथा श्रीमती नीलम प्रताप रूडी, पहलवान सुशील कुमार, पैरालंपियन दीपा मलिक व योगगुरू श्री सुरक्षित गोस्वामी विशेष अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में उपस्थित हुए। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों विशेष पुलिस आयुक्त, श्री पी. कामराज, श्री एस.बी. के.सिंह तथा श्री दीपेन्द्र पाठक के अलावा भारी संख्या में पुलिस परिवारों के सदस्यगण और बच्चे उपस्थित थे। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा से सभी को आनंदित कर दिया।





मिशन ओलम्पिक 2020 कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित करते हुए पुलिस आयुक्त, समिति की अध्यक्षा एवं आमंत्रित सदस्यगण

दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति सरकारी संगठनों, खेल मंत्रालय, कॉरपोरेट सेक्टर, पब्लिक सेक्टर व विश्वस्तर के खिलाड़ियों की मदद से ''दिल्ली पुलिस टैलेंट हंट'' के तहत खोजे गये 67 लड़के और 25 लड़कियों को बेहतरीन ट्रेनिंग और हर प्रकार का सहयोग देने के लिए प्रयासरत हैं। समिति की पदाधिकारियों का सतत प्रयास रहेगा कि वर्ष 2020 में आयोजित होने वाले ओलम्पिक खेलों में एथलैटिक्स, बैडमिंटन, शूटिंग, कुश्ती व कब्डडी जैसे खेलों में प्रतिभागी बनने के लिए चयनित इन प्रतिभाओं को विश्वस्तर के कोचों और प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण दिलाया जाए। कार्यक्रम में बोलते हुए दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति के संरक्षक व पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने कहा कि दिल्ली पुलिस समिति द्वारा की जा रही इस सामाजिक पहल को पुलिस विभाग की तरफ से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक ने समिति की दूरदृष्टिता और रूपरेखा के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि इस मुहिम में समिति की सभी पदाधिकारी निःस्वार्थ भाव से निरंतर अथक मेहनत कर रही हैं और उम्मीद है कि सभी के प्रयासों से पुलिस परिवारों से जुड़े प्रतिभावान बच्चे न केवल ओलम्पिक खेलों में बल्कि हर स्तर पर आयोजित होने वाले खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। समिति की उपाध्यक्ष डॉ0 सुशी सिंह ने माननीय पूर्व राष्ट्रपति डॉ0 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने कहा था ''यदि आप कुछ बड़ा पाना चाहते हो तो अपने स्वप्न भी बड़े रखो''। हमारी समिति भी इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पुलिसकर्मियों के उन होनहार व प्रतिभाशाली बच्चों को प्रात्सोहन व ट्रैनिंग दिलाने का प्रयास करती रहेगी जो सुविधाओं के अभाव में अपने पसंदीदा खेल क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को नहीं चमका सके।

''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और बेटी खिलाओ'' की संरक्षक तथा पुलिस समिति की गुडविल एम्बेसडर श्रीमती नीलम प्रताप रूडी ने दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा शुरू किये कार्यक्रम ''नीले पंख'' और मिशन ओलम्पिक की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएँ देते हुए समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक तथा उपाध्यक्ष डॉ0 सुशी सिंह के प्रयासों की प्रशंसा की। इस मौके पर समिति की **'मिशन ओलम्पिक 2017'** नामक पत्रिका का विमोचन भी किया गया।



'मिशन ओलम्पिक 2017' नामक पत्रिका का विमोचन करते हुए पुलिस आयुक्त



समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए

पुलिस आयुक्त द्वारा साहसिक एवं सराहनीय सेवाओं के लिए 6 सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबल सम्मानित


कां. दीपक कुमार


हैड कां. जयवीर


कां. दलजीत सिंह

16 जून, 2017 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक सादे समारोह में मार्च, 2017 माह के 6 सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबलों हैडकां0 जयवीर सिंह (थाना चितरंजन पार्क–दक्षिण पूर्वी परिक्षेत्र), कां0 दीपक कुमार (थाना ख्याला–दक्षिण पश्चिम परिक्षेत्र), कां0 दलजीत सिंह (थाना मन्दिर मार्ग–नई दिल्ली परिक्षेत्र), कां0 किरोड़ी मल (थाना कल्याणपुरी–दक्षिण पूर्वी परिक्षेत्र), कां0 अजीत सिंह (थाना महेन्द्रा पार्क–उत्तरी परिक्षेत्र) तथा कां0 नवीन (थाना आनंद पर्वत–मध्य परिक्षेत्र) को उनके सराहनीय और साहसिक कार्यो के लिए सम्मानित किया। इन सभी बीट कांस्टेबलों ने अपने–अपने क्षेत्रों में झपटमारों को दबोचने, लूटपाट की वारदात में शामिल बदमाशों को पकड़ने, चोरी के मोबाइल बरामद करने, लूटेरों को पकड़ने, चोरी के वाहन बरामद करने तथा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त बदमाश को गिरफ्तार कराने में अहम भूमिका अदा की थी। पुलिस आयुक्त महोदय ने कां0 दीपक कुमार (दिल्ली का सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबल) को 8 हजार रूपये तथा अन्य सभी सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबलों को 6–6 हजार रुपये नकद, सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबल का पत्र व प्रशंसा पत्र देकर उन्हें भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया।


कां. अजीत सिंह


कां. किरोड़ीमल


कां. नवीन कुमार

निर्भया कांड की उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय जांच करने वाली पुलिस टीम को पुलिस आयुक्त ने दी बधाई

8 मई, 2017 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में 16 दिसंबर, 2012 को दिल्ली में घटित हुई एक घृणित एवं सनसनीखेज वारदात को सुलझाने में उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय जाँच पद्धति अपनाने वाली पुलिस टीम के 37 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया। 16 दिसंबर, 2012 को थाना बसंत विहार इलाके में घटित हुए सामूहिक दुष्कर्म "निर्भया कांड" की पेशेवर एवं वैज्ञानिक जाँच के साथ–साथ पुख्ता सुबूत पेश कर माननीय उच्चतम न्यायालय से दोषियों को फांसी की सजा दिलाने में कामयाब हुई पुलिस टीम 72 घंटों तक निरंतर काम करते हुए न केवल दोषियों के गिरेबांन तक पहुंची बल्कि पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी। पुलिस आयुक्त महोदय ने टीम के सदस्यों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी ने केवल अपनी–अपनी जिम्मेदारी को बेहतरीन तरीके से निभाया बल्कि वैज्ञानिक सबूतों को माननीय अदालत के समक्ष प्रस्तुत कर दोषियों को उनके किये की सजा दिलाने में कामयाब भी हुए।



फोटो : रोजर जोसफ

निर्भया कांड सुलझाने वाली पुलिस टीम वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ

थाना गांधी नगर में तैनात तीन पुलिसकर्मी बहादुरी और अच्छी सूझबूझ के लिए असाधारण कार्य पुरस्कार एवं नकद पुरस्कार से सम्मानित



पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 26 मई, 2017 को शाहदरा जिला के थाना गाँधी नगर में तैनात एएसआई पवन कुमार, कां0 संदीप व कां0 सचिन को उनकी बहादुरी और अच्छी सूझबूझ के लिए असाधारण कार्य पुरस्कार, नकद पुरस्कार व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया है। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त (कानून–व्यवस्था उत्तरी), श्री एस.बी.के.सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त (पूर्वी परिक्षेत्र), श्री रवीन्द्र यादव, उपायुक्त पुलिस (शाहदरा जिला), श्रीमती नूपुर प्रसाद, उपायुक्त पुलिस (पूर्वी जिला), श्री ओमबीर सिंह बिश्नोई, थानाध्यक्ष गांधी नगर विनय कुमार मलिक व सम्मानित होने वाले तीनों पुलिसकर्मी उपस्थित थे। 9 मई, 2017 को गांधी नगर इलाके में एक कपड़ा व्यापारी यश पाहूजा से तथा 17 मई, 2017 को एक अन्य व्यापारी श्री अनिल कुमार बंसल से पिस्टल की नोंक पर क्रमशः ढ़ाई लाख व सात लाख पच्चीस हजार रुपये लूट लिये गये थे। थाना गाँधी नगर में तैनात एएसआई पवन कुमार, कां0 संदीप व कां0 सचिन ने अपनी हिम्मत और अच्छी सूझबूझ के साथ इन दोनों वारदातों में शामिल बदमाशों को हथियार सहित दबोचने में शानदार सफलता अर्जित की।

पुलिस आयुक्त ने थाना करावल नगर के दो पुलिसकर्मियों को असाधारण कार्य पुरस्कार से सम्मानित किया



22 मई, 2017 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने उत्तर–पूर्वी जिला के थाना करावल नगर में तैनात एएसआई शिव शंकर तथा कां0 विनय कुमार को घायल होने के बावजूद बहादुरी का परिचय देते हुए बदमाश को दबोचने पर असाधारण कार्य पुरस्कार से सम्मानित किया है। इस मौके **पर विशेष पुलिस आयुक्त (कानून–व्यवस्था दक्षिणी), श्री एस.बी.के.सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त, श्री रवीन्द्र यादव, उपायुक्त पुलिस, डॉ0 ए.के.सिंगला, थानाध्यक्ष सुनील कुमार भारद्वाज** भी उपस्थित थे। 21 मई की मध्य रात्रि एएसआई शिव शंकर व कां0 विनय कुमार सरकारी मोटरसाइकिल पर इलाके में हुए एक झगड़े की कॉल अटेंड करने जा रहे थे कि एक अन्य मोटरसाइकिल पर सवार दो सदिंग्ध युवकों से पूछताछ किये जाने पर उन्होंने इन पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया था। घायल होने के बावजूद इन पुलिसकर्मियों ने कई संगीन वारदातों में शामिल इन दोनों बदमाशों को गिरफ्तार करने में अदम्य साहस का परिचय दिया। पुलिस आयुक्त, दिल्ली ने दोनों पुलिस कर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए आगे भी इसी तरह निष्ठा व निर्भीकता के साथ–साथ ड्यूटी की कामना की।

शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षा के लिए बेंगलुरू गई पुलिस टीम की अविस्मरणीय यात्रा

पिछले दिनों देश के विभिन्न हिस्सों में दिल्ली पुलिस में सिपाही पद के लिए शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षाएं आयोजित की गई थीं। इसी श्रृंखला में **उपायुक्त पुलिस श्री एस.के.तिवारी** के नेतृत्व में व एसीपी श्री सत्यपाल सिंह की देखरेख में बेंगलुरू गई पुलिस टीम का दौरा एक यादगार रेलयात्रा के रूप में परिवर्तित हो गया। पुलिस टीम जब बेंगलुरू परीक्षा स्थल पर पहुँची तो तेज हवाओं और भारी वर्षा ने शरीरिक परीक्षण के लिए तैयार मैदान को पूरी तरह अस्त–व्यस्त कर दिया था और सीसीटीवी के खम्भे तक उखड़ गये थे। पुलिस टीम ने रात भर कड़ी मेहनत से मैदान को परीक्षा के लिए तैयार किया। वापसी यात्रा के दौरान कां. मनवीर को टॉयलेट में पच्चीस हजार रूपये से भरा एक पर्स मिला जिसे डिब्बे में मौजूद पर्स के मालिक श्री नरेन्द्र को वापिस लौटा दिया। श्री नरेन्द्र ने न केवल टीम के प्रति बल्कि दिल्ली पुलिस के प्रति अपना आभार प्रकट किया। इसी सफर में एक 5 वर्षीय बच्चे ने अपनी विलक्षण बुद्धि और नटखट शरारतों से टीम के सदस्यों का काफी मनोरंजन किया और उनकी यात्रा को सुगम बना दिया।



उपायुक्त पुलिस श्री एस.के. तिवारी के नेतृत्व में बेंगलूरू गई पुलिस टीम के सदस्य

दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति ने अपने ओलम्पिक मिशन–2020 के लिए 25 प्रतिभावान बालिका खिलाड़ियों का चयन किया

दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति ने अपनी एक सामाजिक पहल 'वजीफा कार्यक्रम' के दूसरे चरण को सार्थकता प्रदान करते हुए एक नए कार्यक्रम 'नीले पंख' की शुरूआत की। समिति ने नीले पंख कार्यक्रम के तहत दिल्ली पुलिस परिवारों से जुड़ी विभिन्न खेलों की 25 प्रतिभावान बालिका खिलाड़ियों का चयन किया। इन सभी बालिका खिलाड़ियों को अनुभवी कोचों व प्रसिद्ध खिलाड़ियों से प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। चयनित खिलाड़ियों को एथलेटिक्स, बेडमिंटन, कबडडी, शूटिंग व कुश्ती आदि का कठोर प्रशिक्षण दिया जायेगा ताकि वे आगामी ओलम्पिक खेलों में अपने देश के साथ-साथ पुलिस विभाग का नाम भी रोशन कर सकें। समिति की यह सामाजिक पहल सर्वथा प्रशंसनीय एवं प्रेरक है।



चित्रा
सुपुत्री एम.टी.एस महावीर सिंह
एथलेटिक्स



उर्वशी मलिक
सुपुत्री कां. भूपेन्द्र मलिक
एथलेटिक्स



अंतरा
सुपुत्री कां. रामायण मांझी
एथलेटिक्स



इंद्र प्रीत
सुपुत्री हैड कां. जसविंदर
एथलेटिक्स



प्राची आनंद
सुपुत्री हैड कां. आनंद प्रकाश
एथलेटिक्स



निशा
सुपुत्री एएसआई सुभाष
एथलेटिक्स



अंजू यादव
सुपुत्री कां. अशोक कुमार
एथलेटिक्स



आंचल
सुपुत्री एसआई घासीराम मुंडा
एथलेटिक्स



सोनिया
सुपुत्री हैड कां. जितेन्द्र कुमार
बेडमिंटन



ज्योति चौधरी
सुपुत्री हैड कां. प्रेम सिंह
बेडमिंटन



मोनिका यादव
सुपुत्री हैड कां. प्रदीप यादव
बेडमिंटन



अदिति वर्मा
सुपुत्री हैड कां. जगदीश
कबड्डी



आशा कुमारी
सुपुत्री एएसआई मदन लाल
कबड्डी



भूमिका भट्ट
सुपुत्री हैड कां. लाला सुरेश
कबड्डी



दीक्षा
सुपुत्री हैड कां. हरीराम
कबड्डी



रीतिका
सुपुत्री हैड कां. प्रकाश चंद
कबड्डी



श्वेता
सुपुत्री हैड कां. जयप्रकाश
कबड्डी



साक्षी मलिक
सुपुत्री हैड कां. सुनील मलिक
शूटिंग



खुशी यादव
सुपुत्री हैड कां. महेन्द्र यादव
शूटिंग



निष्ठा शर्मा
सुपुत्री एसीपी संजय शर्मा
शूटिंग



टेसरिंग डोलमा शेरपा
सुपुत्री एएसआई टी.टी. शेरपा
शूटिंग



अदिति सहरावत
सुपुत्री एएसआई अजय कुमार
शूटिंग



साक्षी सिंह
सुपुत्री हैड कां. अजय कुमार
शूटिंग



स्नेहा प्रकाश
सुपुत्री एसआई सत्य प्रकाश
कुश्ती



ऐश्वर्या
सुपुत्री हैड कां. प्रदीप
कुश्ती

बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले हमारे नौनिहाल

वर्ष 2017 में आयोजित हुई बोर्ड परीक्षाओं में दिल्ली पुलिस परिवारों के बच्चों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। पुलिस परिवार अपने इन सभी नौनिहालों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।



सान्या रवेला
कक्षा 12वीं 96 प्रतिशत
सुपुत्री इंस्पेक्टर किशोर रवेला
(सुरक्षा)



सृष्टि डबास
कक्षा 12वीं 96 प्रतिशत
सुपुत्री एएसआई संजीव डबास
(पीसीआर)



सचिन यादव
कक्षा 12वीं 96 प्रतिशत
सुपुत्र एएसआई रामतीर्थ
(ट्रैफिक)



भाव्य नंदवानी
कक्षा 12वीं 95.8 प्रतिशत
सुपुत्र एसआई भूपेन्द्र भूषण
(मुख्यालय)



आशुतोष शर्मा
कक्षा 12वीं 92 प्रतिशत
सुपुत्र एएसआई प्रवीण कुमार
(बाहरी जिला)



मुकुल कुमार
कक्षा 12वीं 90 प्रतिशत
सुपुत्र एसआई बसंत कुमार
(विशेष प्रकोष्ठ)



प्रतिष्ठा तोमर
कक्षा 10वीं 10 सीजीपीए
सुपुत्री हैड कां. कपिल कुमार
(सीआरओ)



उत्कृष्ट थपलियाल
कक्षा 10वीं 10 सीजीपीए
सुपुत्र एएसआई अशोक थपलियाल
(पीटीएस)



अवनी कपूर
कक्षा 10वीं 10 सीजीपीए
सुपुत्री एएसआई अजय कपूर
(मुख्यालय)



सान्या त्यागी
कक्षा 10वीं 10 सीजीपीए
सुपुत्री हैड कां. उमेश कुमार त्यागी
(सीआरओ)



जहान्वी सिंह
कक्षा 10वीं 9.6 सीजीपीए
सुपुत्री इंस्पेक्टर नीरा सिंह
(ट्रैफिक)



वृंदा खन्ना
कक्षा 10वीं 9.6 सीजीपीए
सुपुत्री एसआई बृजबाला खन्ना
(मुख्यालय)



रिया नेगी
कक्षा 10वीं 9.4 सीजीपीए
सुपुत्री हैड कां. मोहन सिंह नेगी
(ट्रैफिक)



अभिषेक भाटी
कक्षा 10वीं 9.4 सीजीपीए
सुपुत्र एसआई यशपाल भाटी
(एनडीआर)



योगिता भाटी
कक्षा 10वीं 9 सीजीपीए
सुपुत्री एसआई यशपाल भाटी
(एनडीआर)



इरा पाल
कक्षा 10वीं 9 सीजीपीए
सुपुत्री एसआई महेश पाल
(मुख्यालय)

महिला सशक्तिकरण योजना के तहत आयोजित आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह सम्पन्न



प्रशिक्षण पाने वाली बालिका को पुरस्कार देते हुए पुलिस आयुक्त


एक बालिका को आत्मरक्षा के गुर बताती हुई उपायुक्त पुलिस सुश्री ईशा पांडे

9 जून, 2017 को दिल्ली पुलिस की विशेष पुलिस इकाई (महिला एवं बाल) द्वारा आयोजित 15वें ग्रीष्मकालीन आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का बलवंत राय मेहता विद्या भवन, अंगूरी देवी भोर सिंह मेमोरियल अकादमी, ग्रेटर कैलाश भाग–2, नई दिल्ली में समापन समारोह सम्पन्न हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राओं/महिलाओं को सम्बोधित किया। समारोह के दौरान वि0पु0आ0 श्री पी.कामराज, वि0पु0आ0 श्री दीपेन्द्र पाठक, वि0पु0आ0 श्री संजय बेनिवाल, सं0प0आ0 श्री आर.पी. उपाध्याय, सं0पु0आ0 श्री डेविड लालरिनसांगा व उपायुक्त पुलिस सुश्री ईशा पांडे मंच पर उपस्थित थी।

साइबर अपराध से निपटने का सबसे अच्छा उपाय साइबर के प्रति जागरुकता है: श्री पटनायक



मंच पर आसीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण



साइबर इन्वेस्टिगेशन मैनुअल का विमोचन करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक

9 मई, 2017 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने बाराखंभा रोड पुलिस स्टेशन के सभागार में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का उद्घाटन किया और साइबर इंवेस्टिगेशन मैनुअल नामक पुस्तक का विमोचन भी किया। इस मौके पर **श्री पी. कामराज विशेष पुलिस आयुक्त (कानून–व्यवस्था दक्षिण), श्री दीपेन्द्र पाठक विशेष पुलिस आयुक्त (परिचालन एवं मुख्य प्रवक्ता), श्री अरूण कंपानी अति0आ0 पुलिस अब संयुक्त पुलिस आयुक्त (आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ), श्री मधुर वर्मा, उपायुक्त पुलिस (अपराध एवं पीआरओ), श्री अन्येश राय, उपायुक्त पुलिस (आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ) श्री बी.के.सिंह, उपायुक्त पुलिस (नई दिल्ली जिला), श्री आर.पी. मीणा (नई दिल्ली जिला)** अति0उपा0पुलिस तथा साइबर टीम के एक्सपर्ट ऑफिसर मौजूद थे। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं स्कूलों के प्रधानाचार्यों और अध्यापकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक के दौर में साइबर अपराध काफी तेजी से बढ़ रहा है। इसमें भी कोई संदेह नहीं कि सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा किशोर वर्ग सक्रिय हैं और वही जानकारी के अभाव में उसका शिकार हो रहे हैं।



'बारटॉक की मदद से दिल्ली पुलिस ने चलाया 'डू नाट ड्रिंक एंड ड्राइव'

19 मई, 2017 को दिल्ली पुलिस ने दिल्ली के 25 प्रमुख रेस्टोरेंट, पब्स और बार के साथ मिलकर ''बारटॉक'' अभियान' की शुरूआत की है जिसके तहत दिल्ली में शराब पीकर वाहन चलाने वालों को जागरूक करने का बीड़ा उठाया। इस अभियान का शुभारंभ विशेष पुलिस आयुक्त (परिचालन) एवं मुख्य पुलिस प्रवक्ता श्री दीपेन्द्र पाठक ने किया। इस मौके पर पुलिस प्रवक्ता श्री मधुर वर्मा सहित काफी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं विभिन्न पब्स एवं बार से जुड़े प्रबंधक आदि मौजूद थे। इस मौके पर श्री दीपेन्द्र पाठक ने कहा कि महिला सुरक्षा और सुरक्षित ड्राइविंग दिल्ली पुलिस की प्राथमिकताओं में है।

सेवानिवृत्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारी



संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री ए. एस. चीमा (सशस्त्र पुलिस)
31, मई 2017 को सेवा निवृत्त



सं.पु.आयुक्त श्री एस.बी.एस. त्यागी (यातायात)
30, जून 2017 को सेवा निवृत्त

शुभकामनाएँ

मार्च व अप्रैल 2017 के दौरान 193 पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हुए हैं। इनमें से 24 पुलिसकर्मियों ने स्वैच्छा से सेवानिवृत्ति ली है। दिल्ली पुलिस परिवार सेवानिवृत्त होने वाले सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के अच्छे स्वास्थ्य और उनकी दीर्घायु की कामना करता है।

मार्च माह में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी :–इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार (मुख्यालय), एसआई भीम सिंह (अपराध एवं रेलवे), एसआई चन्द्र मोहन व एएसआई राजपाल सिंह (नई दिल्ली जिला), एएसआई ओमप्रकाश (दक्षिणी जिला), एसआई सोमदत्त (राष्ट्रपति भवन), एएसआई राजबीर सिंह, हैडकां0 महाबीर सिंह तथा एमटीएस रामधनी (प्रथम वाहिनी),एसआई आजाद सिंह, एसआई हवासिंह, एसआई महताब सिंह तथा ओमप्रकाश (रोहिणी जिला), एसआई शाहिद अहमद (पांचवीं वाहिनी), एसआई सुरेन्द्र सिंह (एफआरआरओ), एसआई सतवीर सिंह, एसआई कृष्ण कुमार, एसआई लक्ष्मण सिंह, एएसआई महेश कुमार (स्पेशल ब्रांच), एसआई धर्मपाल, एसआई प्रकाशचंद तथा एएसआई सुरेश कुमार (ट्रैफिक), एसआई सोहन बीर सिंह, एसआई महेन्द्र सिंह, एसआई राजबीर सिंह, एसआई अयूब खान, एसआई प्रेमसिंह, एसआई उमेद सिंह, एसआई कप्तान सिंह, एसआई श्रीनिवास, एसआई धर्मबीर सिंह, एसआई रणधीर सिंह, एसआई नेपाल सिंह, एसआई देवी सिंह, एसआई मांगेराम, एसआई राजेन्द्र सिंह, एएसआई विजेन्द्र पाल सिंह, एएसआई हवा सिंह, एएसआई भीम सिंह, एएसआई जसपाल सिंह, हैडकां0 सत्यपाल सिंह तथा लक्ष्मी मजोत्रा (पीसीआर), एसआई रतनू ऑरान, एएसआई जगबीर सिंह, एएसआई मगन सिंह, महिला एएसआई गीता (उत्तर–पूर्वी जिला), इंस्पेक्टर राजपाल सिंह व एसआई देवी सिंह (पीएंडएल), एसआई दलबीर सिंह, एसआई सत्यवान, एएसआई सुखबीर सिंह तथा हैडकां0 सतबीर सिंह (पीटीसी), इंस्पेक्टर धीरज कुमार, महिला एसआई प्रेमलता, एसआई विजय कुमार तथा एएसआई अली अहमद खान (दक्षिण–पश्चिमी जिला), इंस्पेक्टर महाबीर सिंह, एसआई दशरथ सिंह, एसआई बेगराज, एसआई धर्मबीर सिंह, एसआई प्रेमसिंह (संचार शाखा), एसआई जगदीश (अपराध शाखा), एसआई देशराज, एएसआई खलील उर रहमान, एएससआई रामबाबू सिंह तथा एएसआई केवल कृष्ण (दक्षिण–पूर्वी जिला), इंस्पेक्टर श्रीराम व एएसआई युगल किशोर (उत्तरी जिला), इंस्पेक्टर ज्ञानचंद व एएसआई श्री गोपाल शर्मा (मध्य जिला), एसआई ऋषि प्रकाश, एसआई लियाकत अली, एसआई रामखिलाड़ी, एसआई चन्द्रपाल, एसआई जीत सिंह, एसआई सुरज भान, एसआई इन्द्र सिंह, एएसआई मोहन लाल, एएसआई सोहन लाल, एएसआई सुरेशचंद, हैडकां0 शाहिद अली तथा एमटीएस राजेन्द्र (सुरक्षा) तथा एसआई मजिद, एसआई रामबीर सिंह, एसआई रोशन लाल, एसआई भान सिंह, एएसआई सत्यवीर सिंह व एएसआई रामफल (पश्चिमी जिला)।

अप्रैल माह में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी :– इंस्पेक्टर उमा दत्त, एसआई हरिकिशन, एसआई ईश्वर सिंह व हैडकां0 बिजेन्द्र सिंह (रोहिणी जिला), एसआई अनूप सिंह (प्रथम वाहिनी), एएसआई रघुवर दयाल व एएसआई गुरमीत सिंह (तृतीय वाहिनी), एसआई रामअवतार (चतुर्थ वाहिनी), एमटीएस अनारकली (पांचवी वाहिनी), एएसआई रामचन्द्र (छट्टी वाहिनी), एसआई सुशील जोसफ टोपो व एसआई आशिक अली (सातवीं वाहिनी), एमटीएस हरी शंकर (मुख्यालय), एसआई शील कुमार, एसआई सुरेश कुमार व एसआई राजबीर सिंह (पीटीसी), इंस्पेक्टर अनिल सहगल (स्पेशल सेल) इंस्पेक्टर बलजीत सिंह, एसआई नरेश कुमार, एसआई प्रेमचंद, एएसआई तारीफ सिंह, एसआई सुबे सिंह व एएसआई रमेश कुमार एएसआई राजे राम (ट्रैफिक), इंस्पेक्टर ब्रहमदत्त, एसआई रामसिंह एएसआई रघुवीर सिंह, एएसआई बालेदीन खान, एएसआई कुशमलता (पूर्वी जिला) एसआई मनोहर लाल व एएसआई विरेन्द्र सिंह (एफआरआरओ), एसआई दिलबाग सिंह (आईजीआई एयरपोर्ट) एसआई भारत भूषण, एसआई गजे सिंह, एसआई कृष्ण दत्त (नई दिल्ली जिला), एसआई मोहम्मद कलीम, एसआई इन्द्रजीत, एसआई ओमप्रकाश, एसआई कृष्ण चंद, एसआई रमेश चंद, (दक्षिणी जिला) एसआई आशिक मोहम्मद, एसआई सुखबीर सिंह, एएसआई जगदीश प्रसाद, एसआई जयप्रकाश, एसआई राजकपूर, एसआई बिजेन्द्र सिंह, एसआई हरपाल सिंह, एसआई कालूराम, एसआई नरेन्द्र सिंह, एसआई रोशन लाल, एएसआई बोधराज, एएसआई हरीराम, एएसआई विधाधर ,एएसआई रामेश्वर दयाल, एएसआई राजबीर सिंह, एएसआई तेज सिंह, हैडकां0 प्रेमप्रकाश, (पीसीआर), एएसआई श्याम राज व हैडकां0 ओम प्रकाश (उत्तर पश्चिमी जिला), एसआई ओमप्रकाश (दक्षिण–पश्चिमी जिला), इंस्पेक्टर अशोक कुमार, एसआई रमेशचंद, एसआई मांगेराम, एसआई गोपीराम (दक्षिण जिला), एसआई ईश्वर सिंह व एसआई सुरेश कुमार (संचार शाखा), एसआई महेन्द्र सिंह व हैडकां0 मोहम्मद सलीम (मध्य जिला), एसआई जयकरण, एसआई ओमप्रकाश, एएसआई महावीर सिंह व हैडकां0 श्री भगवान (पश्चिमी जिला), एसआई गफ्फार खान, एसआई धनपत, एसआई धर्मबीर भारद्वाज, एसआई जगदीश राज, एसआई किशन लाल, एएसआई बालकिशन, एएसआई सतबीर सिंह,एएसआई अशोक कुमार, एएसआई सुरेन्द्र सिंह व एएसआई हवा सिंह (सुरक्षा), एएसआई ब्रहम प्रकाश (अपराध शाखा), महिला इंस्पेक्टर कृष्णा कुमारी (उत्तरी जिला), एसआई सत्यनारायण व हैडकां0 अशोक कुमार झा (पीएडंएल) तथा एसआई महेन्द्र कुमार, एसआई श्रीकृष्ण, एएसआई दर्शन कुमार (बाहरी जिला)।

31 मई 2017 को सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारीगण



एसीपी श्री ब्रह्मप्रकाश
(तृतीय वाहिनी)



एसीपी श्री चमनलाल भाटी
(पश्चिमी जिला)



एसीपी श्री ओम प्रकाश
(दक्षिण–पूर्वी जिला)



एसीपी श्री धर्मपाल
(संचार शाखा)

30 जून 2017 को सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारीगण



अति.उपा. पुलिस श्री रामूलाल मीणा
(तृतीय वाहिनी)



अति.उपा. पुलिस श्री ज्ञानसिंह मीणा
(रेलवे मैट्रो)



एसीपी श्री राजीव भटनागर
(संचार)



एसीपी श्री ओमप्रकाश सिंह
(द. प. जिला)

फोटो : रीज़र जोसफ



एसीपी श्री अनिल कुमार
(उ. प. जिला)



एसीपी श्री भीमसिंह यादव
(पीटीसी)



एसीपी श्री सत्यपाल सिंह
(सतर्कता शाखा)



एसीपी श्री सत्यपाल गुप्ता
(पीसीआर)

श्रद्धांजलि

मार्च 2017 से मई, 2017 के दौरान 47 पुलिसकर्मियों की सेवाकाल के दौरान विभिन्न कारणों से असमय मृत्यु हो गई। असमय बिछुड़ गये अपने इन साथियों को दिल्ली पुलिस परिवार अपनी भाव–भीनी श्रद्धाजंलि देता है और उनके आश्रितों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता है।

मार्च में दिवंगत पुलिसकर्मी :– एसआई भारत सिंह, (दक्षिण–पूर्वी जिला), एएसआई भूप सिंह व हैडकां0 सत्यनारायण (पीसीआर), एएसआई सुभाष कुमार (नई दिल्ली जिला), हैडकां0 संजय कुमार तथा हैडकां0 अजय वीर सिंह (पूर्वी जिला), हैडकां0 सुरेश कुमार (दक्षिणी जिला), हैडकां0 नरेन्द्र कुमार (दक्षिण–पश्चिमी जिला), हैडकां0 देवराज व कां0 रामकिशन (सुरक्षा), कां0 ओमपाल (सातवीं वाहिनी), महिला कां0 अंशू (उत्तर–पश्चिमी जिला), एमटीएस महेन्द्र (शाहदरा जिला)।

अप्रैल माह में दिवंगत पुलिसकर्मी :– एसआई अजीत सिंह एव एएसआई विजय कुमार (सुरक्षा) एएसआई हरबंश सिंह (प्रथम वाहिनी), एएसआई सुरेन्द्र पाल सिंह (उत्तर–पश्चिमी जिला), एएसआई विजय सिंह (बाहरी जिला), एएसआई दिनेश कुमार व महिला कां कविता (उत्तरी जिला), एएसआई सत्यपाल (पूर्वी जिला), एएसआई कृष्ण दत्त व एमटीएस विजय सिंह (रोहिणी जिला), एएसआई राजेन्द्र प्रसाद (उत्तर–पूर्वी जिला), हैडकां0 प्रताप सिंह (पीटीसी), कां0 कर्मबीर सिंह (छठी वाहिनी) तथा एमटीएस मंगतू राम (प्रथम वाहिनी)।

मई माह में दिवंगत पुलिसकर्मी:– इंस्पेक्टर कौशल गांगूली व कां0 राजेन्द्र कुमार (दक्षिण–पूर्वी जिला), एसआई चरण सिंह व हैडकां0 मुकेश सिंह (सुरक्षा), एसआई सुरेश सिंह (पीटीसी), एएसआई घासीराम व हैडकां0 रवीन्द्र कुमार (पीसीआर), एएसआई नरेश पाल (शाहदरा जिला), एएसआई दीवान सिंह (सातवीं वाहिनी), कां0 शोधन सिंह (ट्रैफिक), एमटीएस राजेन्द्र (चतुर्थ वाहिनी), एएसआई नसीब सिंह (छठी वाहिनी), हैडकां0 सुरेश कुमार व कां0 सत्यवीर सिंह (पश्चिमी जिला), हैडकां0 श्रीनिवास, कां0 धारा सिंह (उत्तर–पश्चिमी जिला) एसआई थीपेस स्वामी के.एस. (15वीं वाहिनी), एसआई नवनीत सिंह व कां0 अशोक कुमार (नई दिल्ली जिला) तथा हैडकां0 राकेश चन्दर (आईजीआई एयरपोर्ट)।



सम्पादक

सम्पादक : श्री राजीव रंजन उपायुक्त पुलिस (पुलिस आयुक्त के स्टाफ ऑफिसर)
सह–सम्पादक : निरीक्षक सतबीर सिंह, पुलिस मुख्यालय, नई दिल्ली।

सह–सम्पादक

